अव्यवस्था | शहर की सड़कों पर बढ़ता अतिक्रमण

# अतिक्रमण हटाने में ढिलाई, थम रही शहर की रफ्तार





**जबलपुर, नवभारत।** नगर की सड़को के किनारे अतिक्रमण दिन ब दिन पैर पसारता जा रहा है। शहर में अतिक्रमण के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के चलते यातायात व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। सड़कों और बाजार क्षेत्रों में बढ़ते अतिक्रमण के बावजूद प्रशासन की सुस्ती के कारण जगह-जगह जाम की स्थिति बन रही है, जिससे आमजन को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के प्रमुख मार्गों के किनारे लगे ठेले, अवैध दुकानें और बेतरतीब खड़े वाहन रास्तों को संकरा कर रहे हैं, लेकिन इन पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। नतीजतन, सुबह से शाम तक कई इलाकों में जाम लगा रहता है और लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है।

### असरदार नहीं रही कार्यवाही

अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले कभी-कभार इसे हटाने की कार्रवाई होती थी, लेकिन अब वह भी लगभग बंद हो गई है। इसी वजह से अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है और जाम की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। इस स्थिति का असर सबसे ज्यादा स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों पर पड़ रहा है। लोगों को समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है, वहीं कई बार एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं भी जाम में फंस जाती हैं। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि अतिक्रमण के खिलाफ नियमित और सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके और लोगों को जाम से राहत मिल सके।

### इनका कहना है



हर दिन जाम में फंसना हमारी मजबूरी बन गई है, कोई सुनवाई नहीं हो रही।

**सुमित राय**



प्रशासन अतिक्रमण कभी-कभी हटाता है, लेकिन दो दिन बाद फिर वही स्थिति हो जाती है।

**निखिल पटेल**



# सिंगरौली डकैती, जबलपुर में अलर्ट, बैंकों की बढ़ेगी चौकसी

**पुलिस अधिकारियों ने ली बैठक, बोले पुख्ता हो सुरक्षा व्यवस्था**

**जबलपुर।** सिंगरौली के गार्डन में हुई बैंक डकैती के बाद जबलपुर अलर्ट मोड में आ गया है । बैंकों की चौकसी बढ़ेगी। इसके साथ ही बैंक की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने पुलिस कन्ट्रोल रूम में पुलिस अधिकारियों ने बैंक अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में जानकारी ली गई। साथ ही बताया कि बैको की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस के साथ साथ आपकी भी है, यदि आप जागरूक रहेंगे तो सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रहेगी। आरबीआई द्वारा सुरक्षा सम्बंधी गाईड लाईन का शत प्रतिशत पालन किया जाये। बैकों मे आवश्यक रूप से चौनल गेट लगे हों। सायरन तथा पैनिक अलार्म भी 3-4 स्थानों पर हो सुनिश्शित करें। वैसे तो सभी बैंको मे सीसीटीव्ही लगे है लेकिन बैंक में ऐसा कोई स्थान छूटा हो जहॉ सीसीटीव्ही कव्हरेज नहीं कर रहा हो तो उक्त स्थान पर भी सीसीटीव्ही लगवाये। आपराधिक तत्व सुरक्षा व्यवस्था में कमी के मौके का फायदा उठाने में नहीं चूकते जिसके मद्देनजर रखते हुये प्रतिदिन समय समय पर बैंक में, बैंक के आसपास, चायपान के ठेले, सायकिल स्टैण्ड की आकस्मिक रूप से चौकिंग करायी जा रही हैं । बैंक अधिकारियों द्वारा बैंक में अधिक बार पुलिस गस्त के सम्बंध में कहा गया जिस पर आश्वस्त किया गया कि सुबह 11 से दोपहर 1 एवं 3 से 4 के बीच पुलिस गस्त बैंकों के आसपास की जायेगी। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर एएसपी शहर आयुष गुप्ता, एएसपी क्राइम जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला द्वारा बैंक अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में विभिन्न बैंकों के 104 बैंक अधिकारी उपस्थित हुये।

# सड़कों पर आवारा पशुओं का डेरा, चलना हुआ मुश्किल

**जबलपुर, नवभारत।** शहर के व्यस्ततम इलाकों में से एक बड़ा फुहारा, निवाड़गंज जैसे मार्गों में इन दिनों चौपाया जानवरों का डेरा है। सुबह होते ही ये सभी जानवर सड़कों या उसके किनारे आकर बैठ जाते हैं। सिर्फ बड़ा फुहारा मार्ग ही नहीं बल्कि शहर के अन्य मार्गों पर भी इन जानवरों का कब्जा रहता है। जिसके चलते आए दिन बड़े हादसे हो रहे है। दरअसल, इस समस्या के पीछे का कारण भी रोचक है। जो लोग अपने पशुओं को खुला छोड़ते हैं वे ही सब्जी भाजी भी बेचते हैं। जिसके कारण शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ती चली जा रही है। अक्सर यह जानवर सड़कों पर लड़ाई करते भी देखे जा सकते हैं और परिणाम स्वरुप आसपास से गुजरने वाली राहगीरों को गंभीर रूप से घायल तक कर देते हैं। वही स्थानीय निवासी राजेश ने बताया कि आवारा पशुओ के आतंक से काफी परेशान हैं। इसके कारण यहां लोगों का सड़क पर चलना भी दूभर हो गया है। सिर्फ बाजार ही नहीं शहर की अन्य सड़कों पर भी गाय, सांड और आवारा कुत्तों का झुंड घूमते हुए देखे जा सकते हैं आवारा पशुओं और जानवरों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोग घायल होकर अपना इलाज कराने के लिए अस्पतालों में जा रहे हैं।



### निर्माण कार्य समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें: कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने अधारताल स्थित सांदीपनि विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। इसके साथ ही कलेक्टर सिंह ने संजय गांधी वार्ड में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# बीच सड़क पर लगाया मलबे का ढेर, स्वच्छता के तमाम दावे हो रहे सिरे से खारिज





**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम का स्वच्छता अमला जमीनी हकीकत में कितना सक्रिय है इसकी पोल शनिवार को दर्शन चौक गुरंदी की सड़क के बीचों बीच पड़ी गंदगी और मलबे के ढेर ने खोलकर रख दी। नवभारत के कैमरे में जो तस्वीर कैद हुई उसने नगर निगम के जिम्मेदारों द्वारा सफाई के तमाम दावों को सिरे से खारिज कर दिया। सामने आई तस्वीर में स्पष्ट दिख रहा है कि नालियों से निकाली गई सिल्ट, कचरा और गंदगी का ढेर बीच सड़क पर सफाई कर्मियों द्वारा एकत्रित कर छोड़ दिया गया। ऐसे में सवाल फिर से खड़े होने लगे हैं कि स्वच्छता सर्वेक्षण में जबलपुर की रैंकिंग क्या इस तरह के उदासीन रवैये से सुधरेगी या फिर रैंकिंग कई गुना नीचे गिर जाएगी।

आसपास के दुकानदारों ने बताया कि शनिवार को रस्मअदायगी के नाम पर नगर निगम के जिम्मेदारों द्वारा मलबे को उठाने सिर्फ 2 ट्रैक्टर भेजे गए और इन दो ट्रैक्टरों से मलबा उठाने के बाद वहां तीसरा वाहन नहीं पहुंचा। नतीजा था आधे से ज्यादा मलबा अभी भी सड़क पर मौजूद रहा।

### 3 दिन से पड़ा है मलबा

स्थानीय दुकानदार अशोक चौकसे ने नवभारत को बताया कि विगत मंगलवार से गुरंदी दर्शन चौक के पास नालियों की सिल्ट, गंदगी बीच सड़क पर पसरी हुई है। जिम्मेदारों द्वारा आज तक इस पूरे कचरे के ढेर व सिल्ट को नहीं हटाया गया है। वहीं क्षेत्र की चोक नाले-नालियों से गंदा पानी उसकी व आसपास की दुकानों में घुस रहा है। आलम ये है कि सड़क के बीचों बीच मलबा पड़ा हुआ है जिससे आवागमन भी बंद हो चुका है।

### आग लगने का सता रहा डर

विदित हो कि कुछ दिन पहले दर्शन चौक गुरंदी स्थित एक अगरबत्ती की दुकान में भी आग भड़क उठी थी। ऐसे में स्थानीय दुकानदारों को गर्मी के समय ये भय भी सता रहा है कि कचरे के ढेर कहीं कोई शराततीतत्व आग न लगा दे और ये आग दुकानों तक पहुंच जाए।

### एक नजर में



### 35 किमी दूर बना दिया खरीदी केंद्र, किसान परेशान

**नवभारत, जबलपुर।** चरगवां क्षेत्र के कटोरी, जमुनिया, नयानगर, सूखा भारत, चीरापोड़ी और नवीन देवरी सहित आसपास के गांवों के किसानों ने गेहूं खरीदी केंद्रों की दूरी को लेकर गंभीर चिंता जताई है। किसानों का कहना है कि रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 में बनाए गए खरीदी केंद्र उनके गांवों से काफी दूर स्थापित किए गए हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के अनुसार, उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए लगभग 35 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है, जिससे परिवहन लागत बढ़ रही है। साथ ही, खरीदी केंद्रों पर तुरंत उपज का विक्रय नहीं हो पाता, जिससे 2 से 3 दिन तक इंतजार करना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि दूर स्थित केंद्रों के कारण उपार्जन समितियों से संपर्क करना भी मुश्किल हो रहा है। किसानों ने सुझाव दिया है कि चरगवां से मात्र 2 किलोमीटर दूर स्थित राधा वेयरहाउस, जिसकी क्षमता 3500 मीट्रिक टन है, को ही खरीदी केंद्र बनाया जाए, जहां वे पिछले कई वर्षों से बिना किसी समस्या के अपनी उपज बेचते आ रहे हैं। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से नजदीकी खरीदी केंद्र स्थापित किया जाए।

### 43 वारंटियों, 23 तस्करों को पुलिस ने दबोचा

**जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने पिछले 24 घंटे में कई वर्षो से फरार 10 गैरम्यादी, 33 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं 68 जमानती वारंट तामील किये गये। इसके अलावा सार्वजनिक स्थान पर शराब पिलाने वाले व्यक्तियों सहित, अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 23 व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 250 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 24 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी। इसी प्रकार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 278 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 1 लाख 22 हजार 900 रूपये समन शुल्क वसूला गया।

### चार बदमाश चाकू समेत पकड़ाए

**जबलपुर।** ओमती पुलिस ने चार बदमाशों को चाकू समेत दबोचा है। पुलिस ने बताया कि भंवरताल गार्डन के पास घेराबंदी कर स्कूटी सवार निखिल नायडू पिता स्व कृष्णमूर्ति नायडू 28 वर्ष निवासी मदन महल गंगा सागर थाना गढा एवं अन्य सुमित ठाकुर उर्फकाले पिता श्याम सिंह ठाकुर 27 वर्ष निवासी राजीवगांधी नगर कटंगा एवं प्रवीण राय पिता राकेश राय 27 वर्ष निवासी राजीव गांधी नगर, नाहिद खान पिता नईम खान 25 वर्ष निवासी कैंट को पकड़ा गया।जिसके पास से चार चाकू, स्कूटी जब्त की गई पकडे गये चारों आरोपी अपराधी प्रवृत्ति के है जिनकें खिलाफ अवैध वसूली, मारपीट, आर्म्स एक्ट के कई अपराध विभिन्न थानों में दर्ज है।

### नहीं रहे डॉक्टर बराट, शोक की लहर



**जबलपुर।** नेपियर टाउन निवासी प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ अशोक बराट का स्वर्गवास हो गया है। उनके निधन की खबर से परिजनों, चिकित्सक जगत और परिजन और शुभचिंतक में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार डॉक्टर अशोक बराट चिकित्सा सेवा के माध्यम से नागरिकों से जुड़े रहे। शनिवार को उनका का स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज सुबह 10.30 बजे उनके निजी निवास से प्रारंभ होगी। ग्वारीघाट मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार संपन्न होगा ।

# विश्वासघात : पत्नी को स्टेशन छोड़ने के बहाने मजदूर लेकर भागा ठेकेदार की बाइक

**जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना क्षेत्र में एक मजदूर ने ठेकेदार के साथ विश्वासघात कर पत्नी को रेलवे स्टेशन छोड़ने के बहाने मोटरसाइकिल मांग कर ले गया और फिर वापस नहीं लौटा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।पुलिस ने बताया कि शक्तिनगर, सैनिक सोसायटी गढ़ा निवासी अभिनव ठाकुर (42) ठेकेदार हैं। उसकी एक कंस्ट्रक्शन साइट जिलहरी ग्राम, ग्वारीघाट में चल रही है। इसी साइट पर पिछले दो महीनों से राजू नामक मजदूर अपनी पत्नी के साथ काम कर रहा था। दो महीने से साथ काम करने के कारण अभिनव उस पर भरोसा करने लगे थे। राजू ठेकेदार अभिनव के पास आया। उसने अपनी मजबूरी बताते हुए कहा कि उसे अपनी पत्नी को ट्रेन पकड़वाने के लिए रेलवे स्टेशन छोड़ना है, इसलिए उसे बाइक की सख्त जरूरत है। मानवता के नाते अभिनव ने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एम 4342 राजू को दे दी। जब राजू गाड़ी लेकर वापस नहीं आया, तो अभिनव को चिंता हुई। राजू के मोबाइल पर कई बार फोन किया, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं किया। कुछ देर बाद आरोपी ने अपना मोबाइल पूरी तरह बंद कर दिया। ठेकेदार ने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन राजू और उसकी पत्नी का कहीं पता नहीं चला।

# केएनएसजी साईड से रेल्वे का सामान हुआ चोरी



**जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत केएनएसजी साईड में रखा में रेल्वे का पुराना सामान चोरी चला गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है ।

पुलिस के मुताबिक दिनेश पाठक 52 वर्ष निवासी जयप्रकाश नगर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रेल्वे विभाग में सीएनसी के पद पर पदस्थ है उसकी पोस्टिंग केएनएसजी साईडिंग इंचार्ज पर है। केएनएसजी साईड में रेल्वे विभाग के पुराने सामान को रखा जाता है। चोर साईड से पुरानी दो आलमारी, तीन टेबल, आधा दर्जन कुर्सी, दो पंखा, दो ट्यूब लाईट, एक सिंटेक्स पानी की टंकी, उपस्थिति पंजी, सीआर नोट, कैश बुक, लोडिंग अनलोडिंग बुक आदि सामग्री कुल कीमती लगभग 10 हजार रूपये के नहीं थे।

### ट्रैक्टर ले गए चोर

पाटन थाना अंतर्गत टिमरी में गैरिज में खड़ा ट्रैक्टर अज्ञात चोर चुराकर ले गया। पुलिस के मुताबिक नरेन्द्र कुमार साहू 53 वर्ष निवासी ग्राम टिमरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 20 जेड आर 5181 गैरिज में खड़ा कर दिया था सुबह सोकर उठा तो देखा उसका ट्रेक्टर गैरिज में नहीं था ।

# कांचघर रोड पर मलबे में फंसा डंपर, पलटने से बचा



**जबलपुर, नवभारत।** महीनों से चल रहे रेलवे के पुल नं 1 से कांचघर रोड पर अमृत परियोजना के कार्य के तहत बिछाई जा रही पाइप लाइन, आम लोगों के साथ-साथ रेल कर्मचारियों के लिए भी अत्यधिक पीड़ा दायक हो चुकी है। लगातार अति व्यस्त मार्ग बंद होने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है इसी कार्य के दौरान शनिवार को एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब मलबे से भरा एक डम्पर यहां के गड्ढे में फंसकर आधा पलट गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि लगभग 2.45 बजे के लगभग पाइप लाइन को बिछाने के लिए खोदे गये गड्ढे को पूरने के लिए डम्पर मलबा लेकर आगे बढ़ा रहा था, तभी गड्ढे में उसके एक साइड के दो पहिये जमीन में एक फुट से ज्यादा घुस गये और डम्पर एक ओर झुक गया।

### जेसीबी ने लगाया धक्का

अंत में जेसीबी की मदद से पहले मलबा पूरा खाली कराया गया फिर जेसीबी से ही धक्का देकर डम्पर को खींचकर निकाला जा सका। इस मार्ग में चल रहे काम की गति अति सुस्त है इस महत्वपूर्ण मार्ग को बंद कर काम करने से रोजाना हजारों छात्रा-छात्राएं जहां स्कूल जाने में परेशान हो रहे हैं, वहीं रेल कर्मचारी ड्यूटी से घर व वापसी में दो से ज्यादा किलोमीटर का चक्कर लगाकर पहुंच रहे हैं नगर निगम व जिला प्रशासन के अधिकारी काम की उचित मानीटरिंग करें तो ही काम शीघ्र पूरा हो सकेगा, अन्यथा ठेकेदार अपनी मर्जी से हजारों लोगों की राह रोककर काम कर रहा है।

# हिस्ट्रीशीटर बदमाश अवैध कट्टे के साथ गिरफ्तार

**जबलपुर।** रांझी पुलिस ने एक कुख्यात अपराधी को अवैध देशी कट्टे और जिंदा कारतूस के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी पुलिस को चकमा देने की कोशिश कर रहा था, लेकिन घेराबंदी कर उसे दबोच लिया गया। आरोपी के खिलाफ पहले से ही हत्या के प्रयास और मारपीट जैसे 17 गंभीर मामले दर्ज हैं।

रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया मड़ई ऑटो स्टैंड के पास घेराबंदी कर अमन केवट (22) निवासी रक्षा नगर कॉलोनी, बड़ा पत्थर रांझी को पकड़ा गया तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने यह हथियार रूपेन्द्र साहू नाम के व्यक्ति से 5,000 रुपये में खरीदा था। अमन केवट एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, मारपीट और आर्म्स एक्ट के कुल 17 अपराध पहले से ही दर्ज हैं।

विकास | मंत्री बोले-विकास की नई ऊंचाईयां दिखाई दे रही, 250 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया

# पहले जबलपुर बड़ा गांव हुआ करता था, अब आधुनिकतम शहर : मंत्री सिंह



**जबलपुर।** पहले जबलपुर बड़ा गांव हुआ करता था, लेकिन अब तेजी से विकास कर रहा है और एक आधुनिकतम शहर का रूप ले रहा है। पहले करोड़-दो करोड़ के काम के लिए आंदोलन करना पड़ता था, लेकिन अब एक दिन में ही करोड़ो रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण हो रहे हैं। यह बातें लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शहर के विभिन्न स्थानों में लगभग 250 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करते हुए कहीं।

गौरीघाट आयुर्वेद कॉलेज में मंत्री सिंह ने कहा कि भगवान धनवंतरी का भारत की पवित्र मिट्टी पर बड़ी कृपा है। वैसे तो संपूर्ण विश्व को विज्ञान से परिचित कराने वाला भारत ही है। भारत ने विश्व को शून्य के बारे में जानकारी दी और जिसके कारण विकास की नई उचाईयां दिखाई दे रही हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में भारत का ज्ञान अवर्णीय है और यह आयुर्वेद भगवान का धरोहर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ भारत की कल्पना में आयुर्वेद का बहुत बड़ा योगदान है।

### ये दी सौगातें

आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय गौरीघाट में 770 लाख की लागत से 100 सीटर बालिका छात्रावास एवं आई टाईप आवासीय भवन, 432.89 लाख की लागत से 50 सीटर बालक छात्रावास भवन, 486.35 लाख की लागत से फार्मेसी भवन का भूमिपूजन किया। इसी प्रकार रांझी में 4348.29 लाख की लागत से रांझी- पिपरिया-उमरिया तक साढे सात किलोमीटर फोरलेन सड़क का भूमिपूजन किया। इसके अलावा 17241 लाख की लागत से 13.13 किलोमीटर लंबी जबलपुर एयरपोर्ट से जबलपुर रिंगरोड तक फोरलेन सड़क का भूमिपूजन किया। साथ ही केंट विधानसभा अंतर्गत रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से इलाहबाद बैंक चौराहा एवं जेएम हाईट्स रोड से आर्मी कैंप तक 1651.80 लाख की लागत से 3.13 किलोमीटर व्हाइट टॉपिंग सड़क का लोकार्पण किया। रांझी और जीएस कॉलेज के सामने आयोजित सभाओं में मंत्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने लोक पथ एप भी बनाया है।

### गड़बड़ी करने वालों पर होगी कर्रवाई

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग पानी के साथ पर्यावरण पर भी ध्यान दे रहा है। भवनों को ग्रीन बिल्डिंग के रूप में पर्यावरण प्रकृति के अनुकूल बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जायेगा, जहां कहीं भी गड़बड़ी पाई जायेगी तो आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने भी जबलपुर की विकास गाथाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसी के साथ विधायक अशोक रोहाणी ने भी केंट विधानसभा क्षेत्र में किये जा रहे विकाकार्यों की जानकारी दी। गौरीघाट में बरगी विधायक नीरज सिंह ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार सहज भाव से कार्य कर रहे हैं। आयुर्वेद एक ऐसी विधा है जो भारतीय ज्ञान परम्परा के कारण विशिष्ट पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि आज समय की आवश्यकता है कि इसे अपनी जीवन शैली में अपनायें। कार्यक्रम के दौरान सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल सहित स्थानीय पार्षद व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।